# स्थानांतरण के खिलाफ चापापुर कोलियरी का उत्पादन और ट्रांसपोर्टिंग मजदूरों ने की ठप

## दो घंटे बाद प्रबंधन के आश्वासन पर यूनियन नेताओं ने आंदोलन लिया वापस

खबर मन्त्र संवाददाता



**मैथन।** ईसीएल मुगमा एरिया के चापापुर कोलियरी के मजदूरों ने शनिवार को श्यामपुर बी कोलियरी में स्थानांतरण का विरोध करते हुए संयुक्त मोर्चा के बैनर तले कोलियरी का ट्रांसपोर्टिंग एवं उत्पादन ठप कर दिया। दो घंटे बाद प्रबंधन द्वारा स्थानांतरण स्थगित करने के आश्वासन पर यूनियन नेताओं ने आंदोलन वापस लिया।

यूनियन नेता अमित मुखर्जी एवं काशी कोइरी ने बताया कि चापापुर कोलियरी के मजदूरों का स्थानांतरण मनमाने तरीके से श्यामपुर बी कोलियरी में कर दिया गया। जबकि इसके पहले बैठक में निर्णय लिया गया था कि चापापुर कोलियरी के मजदूरों को सीबीएच ग्रुप (चापापुर, हरियाजाम, बैजना ) में ही तबादला किया जाएगा।

प्रबंधन ने मनमाने तरीके से बगैर यूनियन नेताओं एवं जेसीसी के सदस्यों को जानकारी दिये बिना मजदूरों को श्यामपुर बी कोलियरी में स्थानांतरण करने का पत्र थमा दिया। यूनियन नेताओं ने कहा कि बैठक में तय हुआ था कि जो मजदूर शारीरिक रूप से अक्षम हैं तथा जो मार्च 2026 तक सेवानिवृत्त होंगे, उनका स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। परंतु निर्णय के विपरीत प्रबंधन द्वारा काम किया जा रहा है। विवश हो कर यह कदम उठाना पड़ा। यदि प्रबंधन अपने वादे से मुकरता है, तो मजदूर आंदोलन के लिए बाध्य होंगें।

मजदूरों का नेतृत्व बुधीराम, पोरेश सोरेन, शिबू महतो, भागीरथ तंतुबाई, रामाशीष चौहान, बामापदो बाउरी, शिबू दास आदि ने किया।



### बूथों में बदलाव के लिए राजनीतिक दलों के साथ बैठक



**कतरास ।** बाघमारा विधानसभा में चुनाव के निमित्त मतदाताओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बैठक हुई। प्रतिनिधियों के सुझाव व मतदाताओं की सुविधा को गंभीरता से लेते हुए प्रखंड में करीब 23 से अधिक बूथों के स्थान में परिवर्तन करने का निर्णय लिया गया। मौके पर बीडीओ सुषमा आनंद, सीओ रवि भूषण प्रसाद, बीसीओ रघुवंश भारती, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि बैजनाथ प्रसाद, बीजेपी के बच्चू राय, अजित पाण्डेय, लोजपा के केशव पासवान, आजसू के गौतम गोप, राजद के सुखदेव विद्रोही, विनय पासवान, जे एम एम के रंजीत महतो समेत अन्य लोग मौजूद थे।

### सीआईएसएफ ने बंद किया अवैध मुहाना

**कतरास।** बीसीसीएल गोविंदपुर एरिया 3 के अंतर्गत छाताबाद काजू बागान के निकट शनिवार को सीआईएसएफ की टीम ने अवैध मुहाने की डोजरिंग कर बंद कर दिया। कोयला चोर अवैध मुहाना खोलकर कोयले की निकासी की योजना बना रहे थे। अवैध मुहाने की सूचना पर एरिया 3 सीआईएसएफ की टीम पहुंची और डोजरिंग कर मुहाने को बंद कराया। मौके पर गोविंदपुर एरिया 3 के इंस्पेक्टर पीके शुक्ला अपनी टीम के साथ मौजूद थे।

### पुण्यतिथि पर याद किये गए प्रभुनाथ सिंह

**सिंदरी।** शहरपुरा स्थित भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ जिला संयोजक कार्यालय में शनिवार को शिव मंदिर कमेटी सचिव सह समाजसेवी प्रभुनाथ सिंह की 8 वीं पुण्यतिथि मनाई गई। सामाजिक सद्भाव और प्रेरणा दिवस के रूप में पुण्यतिथि के अवसर पर दिवंगत समाजसेवी के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर नमन किया गया। बड़े पुत्र दिनेश सिंह ने कहा कि उनके पिता सद्भाव और प्रेरणा की सहज प्रतिमूर्ति थे। श्रद्धांजलि अर्पित करनेवालों में करनेवालों में विदेशी सिंह, रणधीर सिंह, अधिवक्ता दिनेश सिंह, रास बिहारी सिंह, विवेक सिंह, ब्रजेश सिंह, मणिभुषण सिंह, अनिल सिंह, नन्दकिशोर सिंह, धर्मराज उपाध्याय, गामा सिंह, उमेश गुप्ता, अजय सिंह, कुंदन श्रीवास्तव, राहुल सिंह, सुनील सिंह, नकुल सिंह, संजय तिवारी, कामख्या सिंह, गुरुचरण सिंह, आदित्य दुबे, नरेंद्र शुक्ला, सत्यदेव सिंह, राजू पांडेय, बीरेंद्र सिंह, पुरुषोत्तम अग्रवाल, चन्दन कुमार, बिरेंद्र सिंह, जगदीश सिंह शामिल थे।

### हेमंत सोरेन की रिहाई पर कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़े



**कतरास।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई की खुशी में झारखंड मुक्ति मोर्चा बाघमारा प्रखंड कमेटी द्वारा आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटी गई। मौके पर युवा मोर्चा प्रखंड अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, प्रखंड सचिव रंजीत महतो, संगठन सचिव शंभु महतो, महिला नेत्री नूतन सिंह, श्याम सुंदर भुईंया, रितेश अग्रवाल, विजय महतो, सुधांशु पांडे, शमीम अंसारी, नारायण रजवार, गंगा चौहान, पिंकू पाल, सफीक अंसारी, पंचू नोनिया, शंकर महतो, दुखन बेलदार एवं दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पैसों की वापसी के लिए राष्ट्रपति को लिखा पत्र



**सिंदरी ।** गैर सरकारी संस्था सहारा इंडिया ने देश के कई लोगों की जमा पूंजी वापसी पर विराम लगा कर उन्हें रास्ते पर ला दिया है। फंसे पैसे की वापसी या एम आइ एस राशि के भुगतान को लेकर एसोसिएशन ने राष्ट्रपति के नाम शनिवार को पत्र भेजा है। एफसीआई वीएसएस इम्प्लाइज एसोसिएशन अध्यक्ष सेवा सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि एफसीआईएल की बंदी के बाद कर्मचारियों और उनके आश्रितों को पेंशन के रूप में मात्र एक हजार रुपये मिलते हैं।

महंगाई के इस दौर में वरिष्ठ नागरिकों का भरन पोषण तो दूर दवा भी उपलब्ध नहीं हो पाती है। भरपाई के लिए कई कर्मचारियों ने एम आइ एस की राशि प्राप्त करने के लिए अपनी जमा पूंजी उक्त संस्था में लगाई थी। परंतु संस्थान कोरोना काल से कर्मचारियों की जमा पूंजी पर पालथी मार कर बैठ गया है।

# जीटीए आउटसोर्सिंग में भिड़े दो गुट

## पुलिस के हस्तक्षेप पर टला खूनी संघर्ष, आज होगी वार्ता



खबर मन्त्र संवाददात

**कतरास।** कैलूडीह स्थित जीटीए आउटसोर्सिंग में दो गुट आमने-सामने हो गए। खूनी संघर्ष की आशंका पर कतरास पुलिस ने हस्तक्षेप किया। मौके पर बरोरा मधुबन सहित कई थाने की पुलिस पहुंच गई। भारी संख्या में पुलिस बल को देख दोनों गुटों को पीछे हटना पड़ा।

एक गुट एचपीसी की मांग को लेकर पिछले 25 जून से आंदोलित है। इधर प्रबंधन ने 25-25 मजदूरों की दो बार छटनी कर दी। इसके बाद स्थिति और बिगड़ गई। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला संगठन सचिव अताउल रहमान के आग्रह पर आउटसोर्सिंग कंपनी ने 50 मजदूरों को पुन बहाल कर लिया। बहाली के बाद मजदूर काम करना चाहते थे। परंतु दूसरे गुट के मजदूर भड़क गए। कतरास थानेदार असित कुमार सिंह ने बताया कि दो गुट आमने-सामने हो गए हैं। विधि व्यवस्था को देखते हुए कतरास पुलिस ने सशस्त्र बल तैनात कर दिया है। कल 10बजे दोनों पक्ष के लोग, आउटसोर्सिंग प्रबंधन तथा बीसीसीएल अधिकारियों के बीच गोविंदपुर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में बैठक होगी। विधि व्यवस्था बनाए रखने के लिए कतरास थानेदार असित कुमार सिंह, बरोरा थानेदार विकास कुमार, मधुबन थानेदार जयप्रकाश सशस्त्र बल के साथ तैनात हैं।

### चापापुर कोलियरी में मजदूरों ने समस्याओं को लेकर किया प्रदर्शन



**यूनियन से वार्ता में प्रबंधन ने सात दिनों की मोहलत मांगी**

**मैथन।** यूनाइटेड कोल वर्कर्स यूनियन ने शनिवार को 7 सूत्री मांगों को लेकर चापापुर कोलयरी कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया। यूनियन ने आउटसोर्सिंग कंपनी में स्थानीय बेरोजगारों को नियोजन, एचपीसी द्वारा तय वेतनमान, प्रभावित गांवों में बिजली, पानी, सड़क, पार्क, जल छिड़काव, लाइट, ट्रैफिक की मांग की, जबकि देवियाना गांव में तालाब की ड्राइंग और हैवी ब्लास्टिंग का विरोध किया। प्रदर्शन की सूचना पर कोलियरी एजेंट एसएन शर्मा, प्रबंधक समीम अंसारी, कार्मिक प्रबंधक कृष्णा विश्वकर्मा, आउटसोर्सिंग कंपनी के प्रबंधक उपेंद्र सिंह पहुंचे और नेताओं के साथ वार्ता की। वार्ता में समस्याओं के समाधान के लिए प्रबंधन ने 7 दिनों की मोहलत मांगी। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे यूनियन के मुगमा क्षेत्रीय प्रभारी मन्नू तिवारी ने कहा कि प्रबंधन की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। मौके पर अध्यक्ष नाडू गोपाल चक्रवर्ती, सचिव मधुरेन्द्र गोस्वामी, वांपी चक्रवर्ती, अमर लोहार, बृहस्पति पासवान, शंकर बाउरी, कृष्णा मंडल, आशीष गोस्वामी, उत्पल बाउरी थे।

### नये कानून को लेकर पुलिस ने लगाई पाठशाला




खबर मन्त्र संवाददात

**धनबाद।** 1 जुलाई से देश में लागू हो रहे नये कानून के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए पुलिस ने शनिवार को एसएसएलएनटी कॉलेज में पाठशाला आयोजित की। पाठशला में कॉलेज की छात्राओं को नए कानून के प्रावधानों की जानकारी देते हुए यातायात नियमों, साइबर सुरक्षा, महिला एवं बाल सुरक्षा, घरेलू हिंसा से बचाव, नशा मुक्ति समेत कानून के विविध प्रावधानों के प्रति जागरूक किया। पाठशाला नेतृत्व कर रहे डीएसपी मुख्यालय दो संदीप कुमार गुप्ता ने बताया कि नये कानून में महिलाओं, बच्चियों के हित के लिए जो भी प्रावधान किए गए हैं, उसकी जानकारी उन्हें होनी चाहिए। इसी उद्देश्य से कॉलेजों में पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम चलाया जा रहा है। कॉलेज की प्राचार्य शर्मिला रानी ने पुलिस प्रशासन के इस कार्यक्रम की सराहना की।

# मोबाइल फोन ने विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय कर दिया : सिटी एसपी

## नागरिक समिति ने आयोजित किया प्रतिभा सम्मान समारोह

खबर मन्त्र संवाददात



**गोविंदपुर।** मोबाइल फोन ने विद्यार्थियों का भविष्य अंधकारमय कर दिया हैं। उक्त बाते धनबाद के नगर पुलिस अधीक्षक अजीत कुमार ने शनिवार को गोविंदपुर नागरिक समिति द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में कही। उन्होंने कहा कि अभिभावकों में भी दम नहीं कि वह अपने बच्चों का पीछा मोबाइल से छुड़ा सके। बच्चों में नैतिकता खत्म होती जा रही है। विद्यार्थी अपनी क्षमता का उपयोग पढ़ने में नहीं मोबाइल देखने में कर रहे हैं। मोबाइल का सदुपयोग नहीं, दुरुपयोग हो रहा है और कोरोना ने एलकेजी से लेकर प्लस टू तक के बच्चों को मोबाइल के आगोश में समा दिया है। बच्चे मोबाइल के प्रति जितने सीरियस हैं, उतने अपने कोर्स की किताबों के प्रति नहीं। डीएसपी मुख्यालय 1 शंकर कामती ने कहा कि यदि लगन हो तो सरकारी विद्यालयों के बच्चे भी बेहतर कर सकते हैं। पुलिस इंस्पेक्टर रविकांत प्रसाद ने 1 जुलाई से देशभर में लागू होने वाले नए कानून के बारे में विस्तार से जानकारी दी। संचालन ओमप्रकाश बजाज व धन्यवाद ज्ञापन आनंद जायसवाल ने किया। कार्यक्रम में प्लस टू हाई स्कूल गोविंदपुर के प्राचार्य दिनेश सिंह, नगरकियारी की प्राचार्य डॉ मीरा सिंह, शिक्षक जयंत चक्रपाणि, अवनिकांत झा, मथन चंद्र दसौंधी रामचंद्र मिश्र एवं संचिता कर, अधिवक्ता रहमत अंसारी, छात्र-छात्राओं को बैग एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# रस्साकशी व हैंडबॉल प्रतियोगिता के साथ ओलंपिक खेल संपन्न

## सभी वर्ग के खिलाड़ी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार से किये गए सम्मानित

खबर मन्त्र संवाददाता




**धनबाद।** जिला ओलिम्पिक संघ की ओर से पिछले एक सप्ताह से चल रहे खेल का समापन शनिवार को क्रॉस कंट्री रेस, रस्साकशी तथा हैंडबॉल प्रतियोगिता के साथ हो गया। अंतिम दिन जिला एथलेटिक्स संघ की देख-रेख में क्रॉस कंट्री रेस का आयोजन डीएवी कोयला नगर में हुआ। प्रतियोगिता में जिले भर से 150 से अधिक खिलाडियों ने भाग लिया। अलग अलग आयु वर्ग के खिलाड़ियों को 6 ग्रुप में बांटा गया। उन्मदा प्रदर्शन करने वाले सभी वर्ग के खिलाड़ियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। आमघाटा स्थित मोंटफोर्ट अकाडेमी में बालक एवं बालिकाओं के वर्ग में रस्साकशी प्रतियोगिता का उद्घाटन स्कूल की निदेशक विषा अग्रवाल, प्राचार्य प्रशांत कुमार तथा जिला ओलिंपिक संघ के वरीय उपाध्यक्ष रेजा इश्त्याक ने किया। बालिका वर्ग की स्पर्द्धा में मोंटफोर्ट अकाडेमी की टीम विजेता घोषित हुई, जबकि बालक वर्ग में धनबाद टीम के खिलाडियों ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए विजेता टीम का खिताब अपने नाम किया। अंतिम स्पर्धा के तहत हैंडबॉल प्रतियोगिता डीएवी मॉडल स्कूल सीआईएसएफ में आयोजित की गई। डीएवी मॉडल स्कूल की टीम ने ओलिम्पिक डे ट्रॉफी पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता के अंत में विजेता टीम को स्कूल की प्राचार्य महुआ सिंह तथा जिला ओलिम्पिक संघ के महासचिव रंजीत केशरी, संयुक्त सचिव तारक नाथ दास तथा मृदुल बोस द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### डीएवी मॉडल स्कूल में खेल प्रतियोगिता शुरू



**जोड़ापोखर।** डीएवी मॉडल स्कूल, सीएफआरआई डिगवाडीह में सत्र 2024-25 के लिए अंतर सदनीय खेल हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। बच्चों ने योगाभ्यास के तहत बच्चों ने कई सूक्ष्म व्यायाम तथा प्राणायाम किए। हैंडबॉल प्रतियोगिता के बालक वर्ग में श्रद्धानंद ने दयानंद को 2-0 से हराकर फाइनल जीता,वहीं बालिका वर्ग में बिरजानंद ने श्रद्धानंद को 3-1 से हराकर फाइनल में जगह बनाई तथा दयानंद ने हंसराज को 3-0 से हराया और फाइनल में पहुंचा। फाइनल मैच सोमवार को खेला जाएगा। मैच श्रद्धानंद एवं हंसराज के बीच सोमवार को खेला जाएगा। स्कूल की प्राचार्य महुआ सिंह ने कहा कि खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। दयानंद सदन के मास्टर दिलीप कुमार गुप्ता ,हंसराज सदन के मास्टर अमोद कुमार झा, श्रद्धानंद सदन के मास्टर सुनील कुमार शर्मा,वृजानंद सदन के मास्टर आदि सत्य प्रकाश तथा सीसीए इंचार्ज मौसुमी बनर्जी भी मौजूद थे।

### जमसं की महामंत्री ने सीएमडी को अग्नि प्रभावित क्षेत्र की समस्याएं बतायी



**पुनर्वास पर पहल की मांग, मिला निदान का आश्वासन**

**धनबाद।** जनता श्रमिक संघ की महामंत्री रागिनी सिंह ने बीसीसीएल के सीएमडी समीरन दत्ता से कोयला भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात की और उन्हें ज्ञापन सौपा। उन्होंने सीएमडी से झरिया के अग्नि प्रभावित क्षेत्र में रहने वाले स्थानीय लोगों के सुरक्षित पुनर्वास, रोजगार समेत विभिन्न समस्याओं पर पहल करने की सिफारिश की। भू धसान में लोग मौत के शिकार हो रहे हैं। स्थानीय प्रशासन और बीसीसीएल को पहले भी इन समस्याओं से अवगत कराया गया है। परन्तु कोई निदान नहीं हुआ है। झरिया में बंद पड़ी सभी खदानों को बैरिकेडिंग के जरिये सुरक्षित करने की भी मांग की। झरिया 7 नं० से गोशाला मोड़ तथा मोहरी बांध में स्टेशन रोड़ के समीप उन्हें पुनर्वासित करने की भी मांग की गई। जमसं महामंत्री ने कोरोना से मृत लोगों के आश्रितों को नियोजन नहीं देने का मामला भी उठाया। सीएमडी ने कहा कि जल्द ही उन आश्रितों को नियोजन दे दिया जाएगा। उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिन्हा, केंद्रीय सचिव सतेंद्र कुमार सिंह मौजूद थे।

**एक नजर में**

### इंकलाबी नौजवान सभा ने की 30 लाख से अधिक पदों पर बहाली की मांग




**गोविंदपुर।** इंकलाबी नौजवान सभा राष्ट्रीय परिषद की दो दिवसीय बैठक शनिवार को अग्रसेन भवन में शुरू हुई। बैठक में लोकसभा चुनाव परिणाम व संगठन के कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। अलग अलग राज्यों से आए राष्ट्रीय परिषद के सदस्यों ने संगठन विस्तार एवं आंदोलन का प्रतिवेदन रखा। सभा के राष्ट्रीय महासचिव नीरज कुमार और अध्यक्ष आफताब आलम ने कहा कि चुनाव नतीजों ने मोदी सरकार पर लगाम लगाई है। युवाओं ने दिखा दिया है कि बुनियादी सवालों को दरकिनार कर सरकार चल नहीं सकती है। संगठन नफरत नहीं अधिकार चाहिए, सम्मानजनक रोजगार चाहिए के नारे के साथ युवाओं को संगठित कर रहा है। बैठक में बिहार के विधायक शिवप्रकाश रंजन के साथ झारखंड, बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, असम, महाराष्ट्र, उड़ीसा, पंजाब, हरियाणा के साथियों की भागीदारी रही।

### संघर्ष गाथा को याद करने का दिन है हूल दिवस

**मैथन।** दहीबाड़ी सिद्धू-कान्हू फुटबॉल मैदान में शनिवार को हर्षोल्लास के साथ हूल दिवस मनाया गया। समारोह में कमेटी के सचिव बाबूजान मरांडी ने कहा कि हूल का संथाली अर्थ होता है विद्रोह। हूल दिवस आदिवासियों की संघर्ष गाथा और उनके बलिदान को को याद करने का खास दिन है। कहा कि 30 जून 1855 में साहिबगंज के भोगनाडीह गांव के सिद्धू-कान्हू के नेतृत्व में आदिवासियों ने अंग्रेजों के खिलाफ विद्रोह किया था। इस अवसर पर 4 सौ गांवों के 50 हजार से अधिक लोगों ने एकत्रित होकर जंग का एलान कर दिया था और अंग्रेजों हमारी माटी छोड़ो का नारा दिया था। आदिवासियों ने सिद्धू को राजा घोषित किया था। कान्हू को मंत्री, चांद को प्रशासक और भैरव को सेनापति चुना था। फिर उनके नेतृत्व में आदिवासियों ने अपने परंपरागत शस्त्र की मदद से अंग्रेजों का छक्का छुड़ा दिये थे, जिससे अंग्रेजी सेना बुरी तरह घबरा गई थी। मरांडी ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कमेटी के सभी सदस्यों को धन्यवाद दिया।

### सोरेन की रिहाई पर कतरास में निकला जुलूस



**कतरास।** कतरास थाना चौक पर शुक्रवार को पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की रिहाई पर जुलूस निकाला गया। जुलूस शहर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए थाना चौक पहुंचा, जहां जमकर आतिशबाजी की गई एवं मिठाई का वितरण किया गया। मौके पर झमुमो के प्रखंड अध्यक्ष अजमुल अंसारी, रतिलाल टुडू, कृष्ण सिन्हा, अमर पासवान, रंजीत रवानी, छोटू खान, साहिल खान, विनय पासवान, मुन्ना सिद्दीकी, राजेश यादव, बबलू अंसारी, रितिक सिंह, घंटू त्रिगुणायक, शेख शहंशाह जाहिद अंसारी आदि मौजूद थे।

### भाजपा जिलाध्यक्ष ने बांटे 2500 पौधे



**धनबाद।** एक पेड़, मां के नाम अभियान के तहत भाजपा जिला कार्यालय में शनिवार को जिला अध्यक्ष श्रवण राय ने कार्यकर्ताओं और आमजनों के बीच ढाई हजार फलदार पौधे का वितरण किया। विधायक राज सिन्हा ने कहा कि यह अभियान जनसहयोग से सफल हो रहा है। ग्लोबल वार्मिंग से पूरी दुनिया परेशान है। हम सबों का यह कर्तव्य है कि अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें और इस समस्या के समाधान में अपना योगदान दें। जिला अध्यक्ष ने कहा कि 6 जुलाई को डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती तक सभी कार्यकर्ताओं को अपने-अपने बूथ पर अच्छी संख्या में पेड़ लगाने का निर्देश दिया गया है। हमें पूरी उम्मीद है, सभी इस कार्य को पूरी निष्ठा के साथ पूरा करेंगे। पार्टी के वरिष्ठ नेता शरद महतो ने कहा कि प्रकृति का संरक्षण हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है। पूर्व जिला अध्यक्ष सत्येंद्र कुमार ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान से कार्यकर्ताओं और आम जनमानस में काफी उत्साह है प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजीव अग्रवाल जी ने कहा कि निश्चित रूप से एक पेड़ मां के नाम अभियान ऐतिहासिक रूप से सफल होगा। जिला संयोजक मिल्टन पार्थ सारथी ने कहा कि यह अभियान प्रत्येक मंडल में सफलतापूर्वक चल रहा है। मौके पर जिला महामंत्री नितिन भट्ट, रवि सिन्हा, संजय झा, मानस प्रसून, वीरेंद्र हांसदा, उचित महतो, अरुण साव, निर्मल प्रधान, संतोष कुमार, मौसम सिंह, रोहित विद, प्रितपाल सिंह अजमानी थे।

## स्पीड न्यूज

### कारोबारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या



**कुजू।** सुदखोरी से परेशान होकर कारोबारी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की। घटना कुजू ओपी क्षेत्र के रांची रोड स्थित ट्रैक्टर पार्टस दुकान की है। इंदिरानगर रांची रोड निवासी सुभाष जैन (45 वर्ष) सुद पर पैसा लेकर दुकान में लगाया था। लेकिन समय पर पैसा नहीं लौटाने के कारण लेनदार उसको परेशान कर रहे थे। जिससे तंग आकर गुरूवार शाम दुकान पर फांसी लगाकर आत्महत्या की। साथ ही घटना स्थल पर एक सुसाइड नोट भी छोड़ा है। जिसमें लेनदार का नाम दर्ज है। परिजनों ने एक माह से दुकान बंद था। गुरूवार शाम सुभाष जैन परिजनों से दुकान खोलने की बात कह घर से निकला। लेकिन काफी देर तक घर नहीं लौटने पर मोबाइल पर संपर्क किया गया। लेकिन फोन नहीं उठाने पर परिजन दुकान पहुंचे। दुकान खोलने पर देखा कि वह फांसी लगाये हुए है। इसके बाद घटना की सूचना कुजू पुलिस को दिया गया। कुजू पुलिस घटना स्थल पहुंचकर शव को उतारकर अंत्यपरीक्षण के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। मृतक सुभाष जैन अपने पीछे पत्नी व दो पुत्र व एक पुत्री को छोड़ गया है।

### रजरप्पा कॉलोनी का जीएम ने किया निरीक्षण



**रजरप्पा।** सीसीएल रजरप्पा महाप्रबंधक बिनोद कुमार ने सेंट्रल कॉलोनी, रजरप्पा क्षेत्र का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्टाफ अधिकारी (सिविल) विमल आजाद, टाउनशिप इंचार्ज त्रिनाथ साहू एवं परियोजना अभियंता (सिविल) सौरभ भी उपस्थित थे। महाप्रबंधक ने कॉलोनी के साफ सफाई को लेकर निर्देश दिए। विशेषकर क्वार्टर के पीछे उग रही झाड़ियों और नालों की सफाई को जुलाई महीने के अंत तक पूरा करने को कहा. कॉलोनी में नियमित एवं अबाध्य जलापूर्ति सुनिश्चित करने हेतु भी आवश्यक निर्देश दिए।

### पेट्रोल भराकर भागे दो युवक

कुजू। जय दुर्गा पेट्रोल पंप में 5400 का पेट्रोल भराकर काले रंग के कीया गाड़ी से आये दो युवक पैसे दिए बगैर फरार हो गए पेट्रोल पंप प्रबंधक सोनू पाठक ने कुजू पुलिस को जानकारी दी। कि शनिवार की सुबह करीब 10:30 बजे जेएच 01बीके- 9152 नंबर से उक्त दोनो युवक पंप पर पेट्रोल भराने आये थे। इस दौरान युवकों ने पम्प के नोजलमेन से 5400 रुपए का पेट्रोल भरने को कहा। पेट्रोल भरने के बाद जल्दबाजी में पैसे दिए बगैर व कार के टंकी का ढक्कन बिना लगाए भाग निकले।

### हूल क्रांति दिवस समारोह आज

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** सीपीएम रामगढ़ जिला कमिटी द्वारा 169वां हूल क्रांति दिवस के अवसर पर रामगढ़ जिला में 30 जून को गोला प्रखंड के डुंडीगाछी गांव सहित विभिन्न क्षेत्रों में हूल क्रांति दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए सीपीएम रामगढ़ जिला सचिव कॉ. आरपी सिंह चंदेल ने बताया कि डुंडीगाछी गांव में आयोजित समारोह में जिला कमिटी सदस्य कॉमरेड धनेश्वर महतो एवं कॉ. लोविन्द महतो, मांडू प्रखंड के केदला भूगर्भ परियोजना के सीटू कार्यालय में जिला कमिटी सदस्य कॉ. बलभद्र दास एवं कॉ. प्रभात कुमार एवं पतरातु प्रखंड के सीटू कार्यालय में जिला कमिटी सदस्य कॉ. किरण कुमार एवं कॉ. रीना देवी के नेतृत्व में हूल क्रांति दिवस समारोह का आयोजन किया जाएगा।

### भुरकुंडा प्रखंड बनाओ के सदस्य रिहा



भुरकुंडा (रामगढ़)। भुरकुंडा को प्रखंड बनाओ केस में नामित आंदोलित लोगों को शनिवार को रामगढ़ व्यवहार न्यायालय द्वारा बाइज्जत रिहा कर दिया गया। भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के वरिष्ठ सदस्यों ने न्यायालय के प्रति आस्था एवं विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि न्याय आज भी जिंदा है। रिहा किये गए सभी सदस्यों ने सामूहिक रूप से संकल्प लिया कि हमलोग आगे भी भुरकुंडा क्षेत्र विकास मंच के तत्वावधान में क्षेत्र के समुचित विकास एवं भुरकुंडा को प्रखंड बनाओ तथा पतरातू को अनुमंडल बनाओ, भुरकुंडा रेलवे स्टेशन पर विभिन्न एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित अन्य सवालों को लेकर लोकतांत्रित ढंग से जन अकांक्षाओं के अनुरूप आंदोलन करते रहेंगे। रिहा किये जाने के उपरांत मंच के सदस्यों ने कोर्ट परिसर से ही स्थानीय विधायक अम्बा प्रसाद से संपर्क कर अनुरोध किया कि भुरकुंडा को प्रखंड बनाने एवं पतरातू को अनुमंडल बनाने की क्षेत्रवासियों का चिर लंबित मांग है को पूरा करने के लिए ठोस एवं कारगर कदम उठाएं।

### कर्मठ योद्धा हैं हेमंत सोरेन :बेदिया

भुरकुंडा (रामगढ़)। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से बेल मिलने के बाद झामुमो कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है। बेल मिलने पर झामुमो के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन पाधिकार सदस्य संजीव कुमार बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड के कर्मठ योद्धा हैं। उन्होंने झारखंड के लोगो के लिए बहुत काम किया है। हेमंत सोरेन को बेल मिल जाने से अब राज्य में झारखंड मुक्ति मोर्चा और मजबुत होगी। उन्होंने कहा कि एक साजिश के तहत भाजपा की केंद्र सरकार ने हेमंत सोरेन को जेल भेज दिया था, लेकिन उनका बेल मिल जाना भाजपा के मुह पर करारा तमाचा है। उन्होंने कहा कि आने वाले विधानसभा चुनाव में इसका फायदा पार्टी को मिलेगा। अब पार्टी पुनः राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में अभी से ही विधानसभा चुनाव की तैयारी में लग जायेगी। विधानसभा चुनाव में झामुमो सबसे अधिक सीट पर जीत दर्ज कर झारखंड में नया इतिहास रचेगी। श्री बेदिया ने कहा कि हेमंत सोरेन के जेल जाने के बाद से ही मैं और मेरे कार्यकर्ता कोई भी पर्व त्योहार खास करके होली पर्व नहीं मनाएं थें। अब हमसभी पूरे जोश के साथ सभी पर्व-त्योहार मनायेंगे। इस अवसर पर संजीव बेदिया ने लोगों के बीच मिठाई बांटकर खुशियां मनाई। हेमंत सोरेने को बेल मिलने पर केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया सहित प्रखंड अध्यक्ष प्रखंड राजेंद्र बेदिया, सचिव उदय अग्रवाल, संजय वर्मा, मुकेश राउत, जिला उपाध्यक्ष हरिलाल बेदिया, आजाद अंसारी, नगर अध्यक्ष इमामुल अंसारी, उदय मालाकार, बिरेंद्र यादव, सत्यनारायण यादव, नरेश बेदिया, जग्गू घांसी, प्रमोद ठाकुर, शशि प्रसाद, रमेश प्रसाद आदि कार्यकताओं ने बधाई दी है।

# तकनीक से कृषि उत्पादन में लगातार वृद्धि : राजेंद्र प्रसाद

**धनवार पैक्स में कृषि पाठशाला**

**▶▶ प्रत्येक एफपीओ को दी जाती है वित्तीय सहायता : ममता देवी**

**खबर मन्त्र संवाददाता**





**बरही।** धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में धनवार पंचायत के मुखिया राजेन्द्र प्रसाद की अध्यक्षता में बिरसा ग्राम विकास योजना सह कृषक पाठशाला हुआ। सेक्रेटरी नंदकिशोर प्रसाद, प्रोजेक्ट मैनेजर ऋषिकांत सागर, रितेश कुमार, विवेक कुमार के द्वारा कृषि संबंधित तकनीक की जानकारी, कृषि संबंधित समस्या और समाधान, सरकार की नई योजना की जानकारी, पशु एवं मत्स्य पालन की जानकारी, मिट्टी जांच से होने वाले लाभ की जानकारी, टपक सिंचाई की जानकारी, सहित अन्य बिंदु पर चर्चा किया गया। राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि कृषि तकनीकों के विकास के कारण कृषि उत्पादकता में लगातार वृद्धि हुई है और एक समय अवधि के दौरान इन तकनीकों के व्यापक प्रसार को अक्सर कृषि क्रांति कहा जाता है। समाजसेवी ममता देवी ने कहा कि एफपीओ योजना के तहत, प्रत्येक एफपीओ वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, इस निर्णय से पैक्स, जो आमतौर पर अल्पकालिक ऋण और बीज, उर्वरक आदि के वितरण का कार्य करती हैं, यह पहल सहकारी समितियों को आवश्यक बाजार लिंकेज प्रदान कर उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने में भी सहायक होती। एफपीओ योजना के तहत, प्रत्येक एफपीओ वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, इस निर्णय से पैक्स, जो आमतौर पर अल्पकालिक ऋण और बीज, उर्वरक आदि के वितरण का कार्य करती हैं, भारत के कृषि क्षेत्र में आधुनिक उपकरणों एवं तकनीकों का उपयोग न कर पाना, परिवहन सुविधाओं का अभाव, भंडारण सुविधाओं का अभाव, परिवहन सुविधाओं का अभाव, अन्य बुनियादी सुविधाओं का अभाव तथा मिट्टी की खराब गुणवत्ता के कारण उपज में कमी आदि जैसी समस्याएं हैं।

मौके पर जिप उपाध्यक्ष संघ के प्रदेश अध्यक्ष किशुन यादव, स्थानीय मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, प्रसाद समाजसेवी का ममता देवी, वार्ड सदस्य बालेश्वर कुमार, तिलक यादव, प्रकाश साव, राजेंद्र उर्फ राजन, केशव यादव, जागेश्वर साव, केशव महतो, उमेश प्रसाद, विकास कुमार, मनोज केसरी, सुरेश महतो, ज्ञानी महतो, रामचन्द्र सिंह, मंटु ठाकुर, शिवशंकर महतो, मोनिका कुमारी, विक्की रानी, रिंकी देवी, रुखसाना खातून, शहनाज खातून, उषा देवी, कौशल्या देवी, शकुनी देवी, झालो देवी, गुड़िया देवी, ललिता देवी, सविता देवी, उमा देवी, मंजू देवी, कंचन देवी, सोनिया कुमारी, नेहा कुमारी, प्रियंका देवी, देवंती देवी, सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## अवैध मुहानों पर करें डोजरिंग : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** उपायुक्त चंदन कुमार ने पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के साथ शनिवार को समाहरणालय सभाकक्ष में जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक की। बैठक के दौरान उपायुक्त ने विगत कुछ समय में अवैध खनन पर रोक लगाने हेतु किए गए कार्यों की सराहना करते हुए और भी प्रभावी तरीके से अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा खनन टास्क फोर्स की पूर्व की बैठक में दिए गए निर्देश के आलोक में किए गए कार्यों की जानकारी ली गई। इस दौरान उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अवैध मुहानों को बंद करने के तहत किए गए कार्यों की जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कहीं से भी अवैध मुहानों से खनन होने संबंधित सूचना प्राप्त होने पर त्वरित रूप से उसे अच्छी तरह बंद कराने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक सुनिश्चित करने एवं अवैध मुहानों की अच्छी तरह से डोजरिंग करने को लेकर उपायुक्त ने सभी संबंधित परियोजनाओं के महाप्रबंधकों एवं एरिया सिक्योरिटी ऑफीसर्स को कार्यों पर विशेष ध्यान देने एवं अवैध मुहानों से किसी भी तरह का कोई भी खनन कार्य न होने देना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उपायुक्त के द्वारा अनुमंडल पदाधिकारी आशीष गंगवार को योजनाबद्ध तरीके से रामगढ़ जिला अंतर्गत विभिन्न रेलवे साइडिंग का निरीक्षण कर नियम अनुसार खनिजो का परिवहन सुनिश्चित करने सहित अन्य आवश्यक निर्देश दिए। उपायुक्त एवं पुलिस अधीक्षक के द्वारा अधिकारियों को जिले के अलग-अलग क्षेत्र में संचालित क्रेशर की जांच करने एवं बिना अनुमति अथवा अवैध तरीके से क्रेशर का संचालन करने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने एवं तत्काल रूप से अवैध क्रशरों को ध्वस्त करने का निर्देश दिया। अवैध खनन अथवा परिवहन के विरुद्ध चलाए गए जांच अभियान के दौरान जप्त किए गए वाहनों एवं खनिज के विरुद्ध राज्यसात की कार्रवाई एवं नियम अनुसार नीलामी आदि के कार्रवाई को लेकर भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में वन प्रमंडल पदाधिकारी,जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला स्तरीय पदाधिकारी, विभिन्न परियोजनाओं के महाप्रबंधक, थाना प्रभारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

### श्राद्ध में मुखिया आलम ने टैंकर से दिया पानी

**बरही।** बरही में पानी की किल्लत दिन पर दिन गहराता जा रहा है। आलम यह है कि किसी व्यक्ति के मृत्यु के बाद होने वाले श्राद्ध कार्यक्रम को लेकर नदी घाट पर भी पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे लोग परेशान हो रहे है। स्थानीय जनप्रतिनिधि पंचायत के मुखिया से जो कुछ संभव हो पा रहा है, वे लगातार पंचायत वासियों को मदद करने का कार्य कर रहे है। विदित हो कि आज से दस दिन पूर्व बरही प्रखंड के बरही पश्चिमी पंचायत के मल्लाह टोली निवासी राजेंद्र निषाद उर्फ छोटू निषाद का बीमारी के कारण निधन हो जाता है। शनिवार को उनका दशकर्म श्राद्ध कार्य होना था, लेकिन घर तो दूर नदी घाट में भी पानी का एक बूंद नहीं रहने से शोकाकुल परिवार व ग्रामवासी चिंतित हो गए और मदद की गुहार स्थानीय मुखिया शमशेर आलम से लगाई। मुखिया ने सूचना मिलते ही एक टैंकर पानी शोकाकुल परिवार व एक टैंकर पानी नदी घाट पर पहुंचाया जिससे श्राद्ध कार्य में शामिल महिला पुरुष नदी पर टैंकर के पानी से स्नान कर श्राद्ध कार्य का नियम पूर्ण किए।

## देश के इतिहास का एक काला अध्याय था आपातकाल : चतुर्वेदी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**रामगढ़।** आपातकाल को लेकर शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस भाजपा रामगढ़ जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी की अध्यक्षता में रामगढ़ विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू के आवासीय कार्यालय में हुआ । राजू चतुर्वेर्दी ने बताया कि आपातकाल देश के इतिहास का एक काला अध्याय है। उन्होंने कहा तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपनी सत्ता बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या कर दी थी।

उस समय के भयावह स्थिति को रखते हुए उन्होंने कहा कि देश के लिए यह काला दिवस है जब कांग्रेस राज्य में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में 25 जून 1975 की मध्य रात्रि को आपातकाल की घोषणा कर भारतीय संविधान संविधान एवं लोकतंत्र की हत्या कर दी । नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का अधिकार छीन लिया गया था । सरकार के विरोध में बोलने वाले को कई सजा दी गई। संपूर्ण देश जेलखाना में तब्दील हो गया । उस दौरान सभी मशनरी, सभी सरकारी तंत्रों द्वारा देश के नागरिकों के अधिकारों की खुलेआम हत्या की । शासन के विरोध में लिखने पर सीधे सजा मुकर्रर कर जेल में ठूंस दिए जाना आम बात थी।देश के चौथे स्तंभ प्रेस मीडिया के अधिकारों और उनके स्वतंत्रता पर रोक लगा दिया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, जिला महामंत्री रंजन फौजी ,जिला मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त मौजूद रहे।

## पतरातू में भ्रष्टाचार के खिलाफ आजसू का हल्ला बोल 2 जून को



भुरकुंडा (रामगढ़)। आजसू पार्टी पतरातू प्रखंड कमिटी द्वारा शनिवार को पीटीपीएस स्थित आवासीय कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस हुआ। पार्टी नेताओं ने कहा कि राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ एवं विभिन्न जनहित के मांगों को लेकर 2 जुलाई को आजसू द्वारा पतरातू प्रखंड सह अंचल कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। जनहित की योजनाएं धरातल पर नहीं है। राज्य में जमीन दाखिल-खारिज हेतू लाखों आवेदन लंबित हैं। अबुआ आवास योजना में पारदर्शिता नहीं है। मनरेगा का भुगतान नहीं हो रहा। छात्र-छात्राओं को जाती एवं आवासीय प्रमाण-पत्र बनवाने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा। किसानों को खाद एवं बीज की आपूर्ति समय पर नहीं हुई है। प्रखंड सहित पूरे राज्य में बिजली आपूर्ति व्यवस्था चरमराई हुई है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में गंगाधर महतो, चंदन कुमार, अशोक पाठक, विश्वरंजन सिन्हा, ब्रजेश सिंह, राहुल रंजन, कौलेश्वर महतो, प्रखंड उपाध्यक्ष राजेश पटेल, प्रखंड उपाध्यक्ष टिकेश्वर महतो, गणेश करमाली, प्रखंड आमंत्रित सदस्य धीरज चौधरी आदि शामिल थे।

## जिंदल आशा में लगा विशेष स्वास्थ्य शिविर

### 77 बच्चों का 308 तरह का हुआ जांच

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** जेएसपी फाउंडेशन पतरातु द्वारा संचालित जिंदल आशा के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए 24 जून से चल रहे पांच दिवसीय समर कैंप का शुक्रवार को समापन हुआ। मालूम हो कि जेसीपी फाउंडेशन की अध्यक्ष शालू जिंदल के नेतृत्व में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को जिंदल आशा के माध्यम से विशेष शिक्षा, चिकित्सा प्रदान कर उन्हें मुख्यधारा में लाने का कार्य किया जा रहा है। जेएसपी फाउंडेशन पतरातु एवं स्पेशल ओलंपिक भारत के संयुक्त प्रयास से पांच दिवसीय समर कैम्प का आयोजन किया गया था। इसके पूर्व भी दो कैंप का आयोजन किया गया था। कैंप के अंतिम दिन बच्चों के लिए स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इसका विधिवत उद्घाटन रामगढ़ वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार ने किया। शिविर में 77 बच्चों की 308 तरह की स्वास्थ जांच किया गया।

बच्चों को पुरस्कृत करते हुए नीतीश कुमार ने कहा कि जिंदल आशा के विशेष बच्चे प्रतिभा के धनी हैं। मौके पर प्लांट प्रमुख आशीष जैन, एचआर प्रमुख अजय झा, संतोष कुमार, केबी सिंह सहित स्पेशल ओलंपिक भारत के रीजनल डायरेक्टर सतबीर सिंह सहोता, अरुण प्रकाश दत्त, हरभजन सिंह, लखन हसदा, विकास तंतुबाई, जगन्नाथ महतो आदि मौजूद थें। शिविर को सफल बनाने में रांची रिम्स के डॉ. नलिन कुमार, ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. भीमराज रामटेक सहित उनके टीम का विशेष योगदान रहा। ब पिछले वर्ष जिंदल आशा के बच्चे नेशनल स्तर पर पावर लिफ्टिंग में दो सिल्वर मेडल, साइकिलिंग में दो गोल्ड मेडल और एक बच्चा फुटबॉल टीम के साथ बांग्लादेश में प्रतिनिधित्व किया था। जिंदल आशा के पतरातू में स्थापना के बाद से क्षेत्र में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों में काफी सुधार हुआ है। जिसकी खुशी बच्चे एवं उनके अभिभावकों की चेहरे में देखा जा सकता है।

इसके पूर्व 24 जून को समर कैंप का उद्घाटन में जेसीपी बालकुदरा के प्लांट प्रमुख आशीष जैन ने किया था। इस अवसर पर आशीष जैन ने कहा था कि इस तरह के कैंप से विशेष आवश्यकता वाले बच्चों को काफी लाभ मिलेगा।

## एक नजर में

### हेमंत सोरेन से मिले संजीव बेदिया



**बड़कागांव।** झामुमो कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमानत मिलने पर झामुमो केंद्रीय सचिव सह झारखंड सरकार राज्य परिवहन प्राधिकार संयुक्त सदस्य संजीव कुमार बेदिया के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा से सैकड़ो कार्यकताओं के साथ जश्न मनाते हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आवास पर मुलाकात किया। बेदिया ने कहा कि सच्चाई की सदैव जीत हुई है, सत्य कभी हार नहीं सकता है भले देर हो। केंद्रीय सदस्य सोनाराम मांझी ने कहा झामुमो की सरकार झारखंड में जब से बनी है गरीब आदिवासी को सीधे तौर पर लाभ मिला है। झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय सिंह ने का जिसका 6 महीने से इंतजार था झारखंड का मसीहा गरीबो,आदिवासी के मसीहा हेमंत सोरेन जेल से बाहर निकलने से कार्यकताओं में अलग प्रकार का खुशी देखने को मिल रहा है। मौके पर नीलकंठ महतो,झमन प्रसाद,संजय करमाली,मुकेश रावत, उदय अग्रवाल,रामलखन महतो,राजेंद्र भुइयां,इंद्रदेव राम,गणेश गंझु सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

### इचाक में प्रखंड 20 सूत्री की बैठक संपन्न



**इचाक।** प्रखंड 20 सूत्री की बैठक प्रखंड सभागार में हुई। इसकी अध्यक्षता मनोहर राम एवं संचालन प्रखंड कृषि पदाधिकारी विनोद कुमार रवि ने किया । बैठक में मुख्य रूप से आंचल का मुद्दा छाया रहा गैरमजरूवा जमीन में अवैध कब्जा एवं नव प्राथमिक विद्यालय तुरी कॉलोनी हदारी स्कूल के जमीन पर अवैध कब्जा । पीएम किसानों सम्मन निधि योजना में सभी किसान का लैंड सेंडिंग नहीं हो पाया है। सभी योजनाओं का संतोषजनक जवाब नहीं मिल पाया। अगले बैठक में सभी पेपर के साथ अंचल अधिकारी को उपस्थित होने को कहा गया । बड़ा अखाड़ा एवं छोटा अखाड़ा के जमीन एवं कमेटी के बारे में कोई जानकारी उपलब्ध नहीं हो पाया। पीएचडी विभाग से जल नाल योजना के तहत जितने भी खराब मशीन हो गए हैं उन्हें तत्काल बनाने का निर्देश दिया गया । जिस बोरिंग में पानी नहीं है उसे अभिलंब नया बोरिंग करने का निर्देश दिया गया । बैठक में प्रखंड 20 सूत्री उपाध्यक्ष लालमोहन रविदास प्रखंड 20 सूत्री सदस्य नगीना सिंह रामप्रवेश सिंह दिगम्बर कुमार मेहता अजय गोप बबून हसदा प्रखंड तकनीकी पदधिकारी पुष्पा कुमारी प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी नकुल मोदी जेई अफजल संजय कुमार गौतम कुमार बिजली विभाग जेई उपस्थित थे।

### भक्तों की हर मनोकामना पूरी हो: गौतम



दारू। पुनायी पंचायत के अंतर्गत बसरिया में 9 दिवसीय सर्वकल्याण नवचंडी महायज्ञ शुरू हुआ। बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के युवा नेता गौतम कुमार,मुखिया राजेश कुशवाहा,पसस विजय प्रसाद कुशवाहा समेत कई गण्यमान व्यक्तियों ने कलश यात्रा में शामिल हुए। गौतम कुमार ने कहा कि पृथ्वी में सर्वकल्याण के भावना से यह यज्ञ का प्रारंभ हुआ जिसमें हजारों महिला पुरुष ने एक जत्था के साथ कलश लेकर पानी संग्रह के लिए नदी प्रस्थान किये।वही कार्यक्रम को सफल बनाने में संतोष अग्रवाल,पवन सोनी,बैजनाथ कुशवाहा रमेश कुमार,इत्यादि दर्जनों लोग मौजूद थे।

### गढ़वा में हुयी संस्कार भारती का साधारण सभा



हजारीबाग । कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की झारखंड प्रांतीय इकाई की दो दिवसीय साधारण सभा 22 एवं 23 जून को गढ़वा के ज्ञान निकेतन कान्वेंट स्कूल में संपन्न हुई । सभा मे सत्र 2024- 27 के लिए झारखंड प्रांत के अध्यक्ष के रूप में पुनः डॉ. सुशील कुमार अंकन ( रांची ), महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव ( हजारीबाग ) एवं कोषाध्यक्ष, विकास वर्मा ( हजारीबाग ) सर्वसम्मति से चुने गए । पर्यवेक्षक के रूप में केंद्रीय अधिकारी अशोक तिवारी ( दिल्ली ) उपस्थित थे । प्रांत महामंत्री ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए हजारीबाग इकाई द्वारा आयोजित वृंदावन डांडिया नृत्य के साथ अन्य सांस्कृतिक एवं साहित्यिक गतिविधियों की प्रशंसा की। संस्कार भारती हजारीबाग इकाई के अध्यक्ष कुमार केशव ने विगत वर्ष की गतिविधियों की एवं कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय ने इकाई के आय- व्यय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।आगामी कार्य- योजना के अंतर्गत रांची में 11- 12 जनवरी 2025 को प्रांतीय कला साधक संगम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। सभा में प्रांत कार्यकारिणी के सदस्यों , विभाग प्रमुखों के साथ रांची, जमशेदपुर, धनबाद, बोकारो, हजारीबाग, गुमला , देवघर सहित 15 जिलों के अध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष सम्मलित हुए। हजारीबाग से विभाग प्रमुख शंकर चंद्र पाठक, अध्यक्ष कुमार केशव , कोषाध्यक्ष अनिल पांडेय एवं प्रांत महामंत्री संजय कुमार श्रीवास्तव ने अपनी सहभागिता दी।

### बरही पुलिस ने 46 वाहनों का काटा चालान



बरही। एसपी अरविंद कुमार सिंह के निर्देश पर बरही पुलिस ने 3 दिनों से लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाया । पुलिस ने दो पहिया वाहन की कागजात की जांच की। थाना प्रभारी चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलाने वाले सभी लोग हेलमेट अवश्य पहने। बिना हेलमेट के दो पहिया वाहन नहीं चलावें, नहीं तो कार्रवाई की जाएगी। वाहन चेकिंग अभियान से दोपहिया बाइक चलाने वाले इधर-उधर भागते दिखे तथा अपने रास्ता बदलकर लोग भागते दिखे। थाना प्रभारी ने बताया कि वाहन चेकिंग अभियान के पहले दिन 19 दो पहिया वाहन, दूसरे दिन भी 19 एवं तीसरे दिन 08 दो पहिया वाहनों सहित कुल 46 वाहनों को जब्त कर चालान कर दिया गया। वही वाहन चेकिंग अभियान मे पुलिस बल के जवान शामिल रहें।

### बिनोद विश्वकर्मा ने हेमंत सोरेन को दी बधाई

**बरही।** झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा ने मिलकर झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को जेल से 148 दिनों के बाद जमानत मिलने पर हेमंत सोरेन के आवास पर मिलकर बरही विधानसभा की जनता की ओर से ढेर सारी बधाइयां दिए। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि सत्य की असत्य पर जीत हुई है। केंद्र की भाजपा सरकार ने लोकसभा चुनाव के पूर्व झारखंड की आवाज को दबाने के लिए निर्दोष हेमंत सोरेन को जेल में डाला गया था। ईडी को अभी तक हेमंत सोरेन के विरुद्ध एक भी साक्ष्य नहीं मिल पाया है। इससे स्पष्ट होता है कि केंद्र सरकार की झारखंडियों के प्रति उनके वास्तविक मानसिकता क्या है। आगामी विधानसभा चुनाव में झारखंड की जनता भाजपा को जवाब देने के लिए तैयार है।

स्पीड न्यूज

## कुमडीह, राजनगर में सीएम का आगमन आज

**जमशेदपुर।** 30 जून को राजनगर प्रखंड अंतर्गत ग्राम कुमडीह में प्रस्तावित आगमन की तैयारियों को लेकर पुलिस अधीक्षक मनीष टोप्पो एवं उप विकास आयुक्त प्रभात बरदियार ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। निरीक्षण में मुख्यमंत्री के आवागमन, हेलीपेड, बेरीकेटिंग, वाहन पार्किंग, यातायात परिचालन, सुरक्षा व्यवस्था आदी का जायजा ले संबंधित पदाधिकारी को सभी तैयारियां ससमय पूर्ण करने के निर्देश दिये गये।

## चांडिल के प्रमोद ज्वेलर्स व इलेक्ट्रो फर्नीचर में चोरी

**चांडिल।** थाना क्षेत्र के चांडिल मुख्य बाजार एनएच 32 स्थित चांडिल थाना के महज कुछ मीटर की दूरी पर चांडिल व्यवसाय संघ अध्यक्ष नितेश वर्मा के प्रमोद ज्वेलर्स एवं चांडिल के व्यवसाय आशीष कुंडू के इलेक्ट्रो फर्नीचर शोरूम में चोरों ने अपना हाथ साफ कर लिया।
चांडिल के व्यवसायी आशीष कुंडू के घर पर मध्य रात्रि से तड़के चार बजे तक चोरों ने घर को खंगाल कर चोरों की घटना को अंजाम दिया है।

## आज होगा ज्ञान केंद्र लाइब्रेरी का उद्घाटन

**चांडिल।** रविवार को चांडिल पंचायत भवन में ज्ञान केंद्र लाइब्रेरी का उद्घाटन चांडिल पंचायत के मुखिया मनोहर सिंह सरदार द्वारा किया जायेगा। ज्ञान केंद्र लाइब्रेरी के उद्घाटन के अवसर पर मुखिया मनोहर ने सभी छात्रों से चांडिल पंचायत भवन पहुंच इसका लाभ लेने का अपिल किया है। मुखिया ने कहा कि इस लाइब्रेरी में तीन सौ से भी अधिक किताबों का संग्रह रहेगा। उन्होंने कहा कि सभी वर्गों के लिए लाइब्रेरी में किताबें उपलब्ध रहेगा।

## जुस्को स्कूल कदमा में पैरेंट डे का आयोजन

**जमशेदपुर।** जुस्को स्कूल कदमा में आज पैरेंट डे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावकों के लिए कई खेल का आयोजन किया गया। खेल में पिता के साथ बच्चों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका झुमझुमी नंदी, उप-प्रधानाध्यापिका आनंदिता राय, कोऑर्डिनेटर कमर अली सीमा तिवारी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वंदना संध्या श्रुति अनामिका निशा प्रियंका अमरीश रश्मि श्वेता अफसाना शिवानी के मार्गदर्शन में सफल एवं समापन हुआ।

## फन वर्ल्ड डिजनीलैंड के समापन में कुछ दिन शेष

**जमशेदपुर।** आमबगान मैदान, साकची, जमशेदपुर स्थित फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में काफी भीड़ उमड़ रही है और अब इसके समापन में कुछ ही दिन शेष रह गये हैं। अर्थात अब इसका समापन की अंतिम तिथि 14 जुलाई तक के लिए ही है। ज्ञात रहे कि फन वर्ल्ड डिजनीलैंड में बच्चों एवं बड़ों के मनोरंजन हेतु जो झुले लगाये जा रहें हैं उनमें वाटर बोट, हेलीकॉप्टर, टोरा-टोरा, ड्रैगन ट्रेन आदि लगया गया है। इसके अतिरिक्त मेले में हेन्डलूम एवं हेन्डी क्राफ्ट की अनेक तरह की दुकानों के अलावा हैंडलुम के साड़ी, बेड शीट, नाईटी के परिधान विभिन्न राज्यों से आये मनमोहक रंगों एवं डिजाईनों में उपलब्ध होंगे ।

# फैशन डिजाइन विभाग का फैशन फॉरवर्ड जलवा, रैंप पर उतरीं 40 मॉडल्स

### अरका जैन विश्वविद्यालय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन विभाग ने बेल्डीह क्लब हॉल में फैशन फॉरवर्ड नाम से एक फैशन शो आयोजित कर अपने इन-हाउस डिजाइन कलेक्शंस को दर्शकों के सामने रैंप वाक के माध्यम से रखा। चालीस मॉडल्स ने रैंप पर फैशन के ट्रेंड सेट करते हुए कॉस्टूम्स पेश किये जिसे काफी सराहा गया।



कार्यक्रम में उपहार सौंपते कुल सचिव डॉ अमित श्रीवास्तव।







रैम्प पर जलवा बिखेरती मॉडल्स।

इस शो में टाटा स्टील के कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन हेड रूना राजीव कुमार, झारखण्ड विधान सभा के पूर्व सदस्य कुणाल षड़ंगी, एनआईटी के प्राध्यापक डॉ राजीव भूषण समेत शहर के नामचीन हस्तियां मौजूद रहीं। विवि के बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष प्रो एसएस रजी, निदेशक-सह-कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, कैंपस डायरेक्टर डॉ अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग, फैशन डिजाइन विभाग के प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर उषा किरण बारला ने अतिथियों का स्वागत किया।

रूना राजीव कुमार ने कहा कि इस शो में काफी मनमोहक कॉस्टूम्स देखने को मिले जिन्हें विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन के विद्यार्थियों ने बनाया है जानकर सुखद आश्चर्य हुआ कि अब जमशेदपुर में भी फैशन डिजाइन में ऊंचे स्तर की स्किल बेस्ड पढ़ाई करायी जा रही है।

कुणाल षाड़ंगी ने कहा कि फैशन फॉरवर्ड शो में सस्टेनेबल कॉस्टूम्स डिजाइन कर शो के नाम को सार्थकता दी गयी है। उन्होंने कहा कि अरका जैन विश्वविद्यालय के फैशन डिजाइन विभाग ने समय को जाना है और अपने विद्यार्थियों को नीड बेस्ड स्किल दिया है। श्री षाडंगी ने कहा की जिस तरह जमशेदपुर से क्रिकेटर एवं एक्टर ने दुनिया भर में नाम रौशन किया है अब इंटरनेशनल लेवल के फैशन डिजाइनर भी जमशेदपुर से निकलेंगे। कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि हमारी कोशिश है कि शहर और झारखण्ड राज्य से किसी भी क्षेत्र के शिक्षा के लिए किसी को बाहर पलायन न करना पड़े। साथ ही सस्टेनेबल फैशन के लिए गावों में महिलाओं को और झारखण्ड के लोकल क्राफ्ट को भी मजबूत करने का काम अरका जैन यूनिवर्सिटी कर रही है। शो के दरम्यान कंदिशा नृत्य ने भी काफी तालियां बटोरी। उक्त शो को सफल करने में फैशन डिजाइन के विभागीय प्रधान उषा किरण बारला, सहायक प्राध्यापक अनूप कुमार सिंह, मनीषा सिंह, पूनम कुमारी का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों में से खुशबू, ऐश्वर्या, गुलिस्तां, नाहिदा, स्नेहा, सिमरन और जस्मीन के कलेक्शन विशेष रूप से पेश किये गये।

# मई महीने में शहर में 29 रोड एक्सीडेंट, 15 की गयी जान

- डीसी की अध्यक्षता में यातायात व सड़क सुरक्षा संबंधी बैठक
- सड़क दुर्घटना में घायलों को मदद पहुंचाने वालेगुड समारिटन किये गये सम्मानित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** समाहरणालय सभागार, जमशेदपुर में डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में यातायात एवं सड़क सुरक्षा की बैठक आयोजित की गयी। सीनियर एसपी किशोर कौशल, डीटीओ धनंजय, शिक्षा विभाग, एनएचएआई, ट्रैफिक डीएसपी समेत अन्य संबंधित विभागीय पदाधिकारी शामिल हुए। सड़क हादसों को नियंत्रित करने तथा सड़क सुरक्षा के प्रावधानों को प्रभावी तरीके से अमल में लाने समेत अन्य संबंधित विषयों को लेकर बैठक में चर्चा की गयी। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा टीम को निर्देशित किया कि स्कूली बच्चों व अन्य शिक्षण / प्रशिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा के नियमों से सम्बंधित कार्यशाला आयोजित करें जिसमें गलत दिशा में वाहन नहीं चलाने, सड़क की बायीं ओर सुरक्षित चलने, सीट बेल्ट व हेलमेट का अनिवार्य रूप से प्रयोग, सड़क में बायीं या दाहिने तरफ वाहन को मोड़ते समय इंडिकेटर का इस्तेमाल की जानकारी दें।



मई माह में 29 सड़क दुर्घटनाएं हुई जिसमें 15 लोगों की मृत्यु व 18 लोग गंभीर रूप से घायल हुए। ब्लैक स्पॉट, वल्नरेबल एक्सीडेंटल पॉइंट्स एवं सड़कों के कर्व (घूमावदार सड़क) स्थलों को चिह्नित करते हुए जरूरत के अनुसार सुधार करने, बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने, ओवर लोडिंग, ओवर स्पीड, बिना सीट बेल्ट, साइलेंसर मॉडिफिकेशन एवं स्टंट करने वाले चालकों पर कड़ी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया।

शहरी क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने के उद्देश्य से विभिन्न बिंदुओं की समीक्षा के दौरान वरीय पुलिस अधीक्षक ने ऑटो चालकों के लिए आईडी कार्ड, यूनिफॉर्म पहनने को लेकर ऑटो एसोसिएशन के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश देने हेतु डीटीओ को निर्देशित किया।

**114 ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड, करीब 7 लाख जुर्माना वसूला गया :** मई माह में सड़क सुरक्षा नियमों की अवहेलना पर 114 वाहन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस सस्पेंड किया गया। वाहन जांच अभियान में बिना हेलमेट के दोपहिया वाहन चालक और बिना सीटबेल्ट के चारपहिया वाहन चालकों समेत अन्य मामलों में करीब 7 लाख जुर्माना वसूला गया।

**गोल्डेन आवर में घायलों को मदद करने वाले सम्मानित :** डीसी और एसएसपी ने सड़क दुर्घटना के घायलों को गोल्डन ऑवर में मदद पहुंचाने के लिए प्रकाश कुमार, बीर सिंह प्रजापति, रघु दास, बाबूलाल टुडू, विशाल मार्डी और तुषार दास को कुल 9 हजार की सम्मान राशि दी तथा सड़क दुर्घटना के घायलों को गोल्डन ऑवर में आगे आकर मदद करने की अपील सभी जिलेवासियों से की।

## तार कंपनी व जेम्को का मर्जर, टाटा वायर इंपलाई यूनियन होगा नाम

- दोनों यूनियनों की एजीएम में सदस्यों ने नये नाम को दी मंजूरी
- राकेश्वर पांडेय लगातार 9 वीं बार मिला अध्यक्ष का ताज

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** 29 जून 2024 को वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन और जेम्को वर्कर्स यूनियन का अलग -अलग वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया जिसमे पहले जेमको यूनियन का एजीएम 5 बजे आयोजित की गई जिसकी संचालन प्रेसिडेंट राकेश्वर पांडेय ने किया और महामंत्री अमित सरकार ने अपनी प्रतिवेदन दिया और यूनियन का अकाउंट बताया गया, जिसे सारे लोगों ने ध्वनि मत से पारित किया। पुनः जेमको यूनियन और वायर प्रोडक्ट यूनियन का मर्जर का प्रस्ताव महामंत्री द्वारा रखा गया जिसे भी



सर्व सम्मति से पारित किया गया। वायर प्रोडक्ट लेबर यूनियन का आम सभा का आयोजन किया गया जिसके प्रेसिडेंट राकेश्वर पांडेय ने पहले अपनें दिवगत लोग के लिएशोक सभा का आयोजन किया गया पुनः उसके बाद महामंत्री ने यूनियन का अकाउंट लोगों को बताया।

## स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने 634 लाभुकों में बांटे पेंशन स्वीकृति पत्र

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शनिवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा में रहने वाले वृद्धावस्था पेंशन के 634 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया। अब इन लाभुकों को पेंशन मिलना प्रारंभ हो जायेगा। मंत्री ने कहा है के में ने जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में रहने वाले लोगों को पेंशन स्कीम से जोड़ने के लिए कैंप के



एक लाभुक को सर्टिफिकेट प्रदान करते मंत्री बन्ना गुप्ता।

माध्यम से कार्यकर्ताओं को आवेदन प्राप्त करने का निर्देश दिया था। आज इसी का परिणाम है के मुझे इन सभी को पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट बाटंने का मौका मिला है। इस शुभ कार्य से मैं सचमुच बहुत खुश हूं। मैं ने कार्यकत्ताओं को निर्देश दिया है इसी तरह से आगे भी क्षेत्र में कैंप लगाकर जरुरतमंदों का आवेदन को जमा करवा कर उन्हें इस योजना से जोड़ें। उपस्थित लोगों के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ वच्छता बाल्टी भी बांटी।

## साहित्यिक परिचर्चा से डेढ़ माह तक चलने वाले तुलसी जयंती का शुभारंभ

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** तुलसीभवन में डेढ़ महिने तक चलने वाले तुलसी जयंती समारोह का शुभारंभ एक साहित्यिक परिचर्चा के साथ हुआ जिसका विषय था- वर्तमान परिप्रेक्ष्य में तुलसी साहित्य की प्रासंगिकता। समारोह की अध्यक्षा तुलसीभवन के अध्यक्ष सुभाष चंद्र मुनका ने की। मुख्य अतिथि रांची यूनिवर्सिटीज के पूर्व हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ जंग बहादुर



साहित्यिक परिचर्चा में जुटे साहित्यकार गण और तुलसी भवन के मानद सचिव प्रसेनजीत तिवारी।

पाण्डेय एवं विशिष्ट अतिथि तुलसीभवन के न्यासी अरुण कुमार तिवारी एवं डॉ चंदेश्वर खां थे। संचालन साहित्य समिति के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ यमुना तिवारी व्यथित एवं धन्यवाद ज्ञापन राम नंदन प्रसाद ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर गोस्वामी तुलसीदास जी के चित्र पर पुष्प अर्पित किया गया।

## पेयजल की मांग को लेकर भाजपा ने किया आदित्यपुर नगर निगम कार्यालय में प्रदर्शन

**खबर मन्त्र प्रतिनिधि**

**आदित्यपुर।** नगर निगम क्षेत्र में रहने वाले भाजपा कार्यकर्ता और तमाम नागरिकों ने हजारों की संख्या में बर्तन-बासन और ढोल-नगाड़ों के साथ जनाक्रोश रैली निकाल कर नगर निगम कार्यालय घेरा। आदित्यपुर फुटबॉल मैदान में इनका महजुटान हुआ। उसके बाद रैली के रूप में पैदल मार्च कर सरकार और सीएम के खिलाफ नारा लगाते हुए जनसैलाब निगम कार्यालय पहुंच कार्यालय का घेराव कर धरना प्रदर्शन किया। रांची से आये



भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री वर्तमान जिला संगठन प्रभारी सुबोध गुड्डू ने कहा, इस प्रदर्शन में मौजूद जनसैलाब दर्शाता है कि यहां के विधायक सह सीएम कितने निक्कमे साबित हुए हैं। जो अपने गृह क्षेत्र पर ध्यान नहीं दे पा रहा है, वह राज्य का क्या भला करेगा।

## अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के विरूद्ध चलेगा सघन अभियान : डीसी

- जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक में एसएसपी भी हुए शामिल
- ग्रामीण क्षेत्रों में अवैध बालू उठाव पर अंकुश लगाएं या कार्रवाई को तैयार रहें अधिकारी : एसएसपी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम के डीसी अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, उप विकास आयुक्त मनीष कुमार, सिटी एसपी मुकेश लुणायत, ग्रामीण एसपी ऋषभ गर्ग व संबंधित विभागीय पदाधिकारी बैठक में शामिल हुए।

बैठक में जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त ने सघन जांच अभियान चलाने का निर्देश देते हुए कहा कि तत्काल प्रभाव से खनिजों के अवैध खनन, परिवहन और भंडारण के मामलों पर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित पदाधिकारियों को उनके क्षेत्रों में बालू और अन्य खनिजों के अवैध परिवहन की सघन जांच कर अंकुश लगाने का कड़ा निर्देश दिया। साथ ही कहा कि अवैध कार्यों में संलिप्त लोगों पर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।



अवैध खनन मामले में बैठक करते डीसी अनन्य मित्तल और एसएसपी किशोर कौशल।

वरीय पुलिस अधीक्षक ने पुलिस और जिला प्रशासन के संबंधित विभागों को खनन, वन, परिवहन, प्रदूषण, कारखाना विभागों के एक्ट के तहत समेकित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि एकल विभागीय कारवाई से अवैध खनन, परिवहन पर रोक लगाना संभव नहीं है, अवैध खनन, परिवहन में संलिप्त वाहनों, माफिया पर हर सुसंगत धाराओं के तहत कारवाई करें।

बैठक में खनन टास्क फोर्स की टीम को प्रखंड स्तर पर ज्वाइंट ऑपरेशन करने का निर्देश दिया गया। गुड़ाबांदा एवं डुमरिया क्षेत्र में बालू उठाव को लेकर लचर कार्रवाई पर अप्रसन्नता जताई गई। खनिजों के अवैध परिवहन करते वाहन पकड़े जाने पर तत्काल एफआईआर का निर्देश दिया गया। एनजीटी के गाइडलाइन के मुताबिक कार्रवाई करने, वाहन पकड़े जाते हों तो तात्कालिक रूप से मुखिया या ग्राम प्रधान को जिम्मानाम देने, जब्त बालू को जल्द ऑक्शन कराने का निर्देश डीएमओ को दिया गया। बैठक में डीटीओ, एसडीओ घाटशिला, डीएमओ, प्रदूषण व कारखाना विभाग उपस्थित थे वहीं सभी सीओ, डीएसपी, थाना प्रभारी वीसी के माध्यम से जुड़े।

### एक नजर में

## मायुमं जमशेदपुर ने किया 111 यूनिट रक्त संग्रह



**जमशेदपुर।** शनिवार को मारवाड़ी युवा मंच जमशेदपुर शाखा ने उदितवाणी के संस्थापक राधेश्याम अग्रवाल एवं सुमन गोलछा की पुण्य स्मृति में साकची स्थित रेड क्रॉस भवन में महारक्तदान शिविर लगाया। जिसमें 111 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। शिविर में 164 लोगों ने रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराया था। शिविर का उद्घाटन विधायक मंगल कालिंदी, उदितवाणी के सम्पादक उदित अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष स्वरूप गोलछा, प्रांतीय सहायक मंत्री अंकिता लोधा, रेडक्रॉस के राधेश्याम, बजरंग चौधरी, शाखा अध्यक्ष अश्विनी कुमार अग्रवाल ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। रक्तदाताओं सहित रक्तदान हेतु रजिस्ट्रेशन कराने वाले सभी लोगों को सम्मानित भी किया गया। शिविर को सफल बनाने में पूर्वी सिंहभूम जिला अग्रवाल सम्मेलन, रामकृष्ण फॉर्जिंस लिमिटेड, रेड क्रॉस सोसाइटी एवं जमशेदपुर रक्त अधिकोष का पूर्ण सहयोग प्राप्त हुआ। साथ ही शाखा की ओर से अश्विनी अग्रवाल, विकाश शर्मा, प्रकाश बजाज, नीरज शर्मा, गौरव अग्रवाल, अनूप शर्मा, हेमंत अग्रवाल, आशीष अग्रवाल, कौशल नागेलिया, संजय अग्रवाल, रविशंकर सोनी, हेमंत अग्रवाल, हर्ष अग्रवाल, पंकज शर्मा, नितिन बरवालीया, आनंद सारस्वत, शानू ढोकनिया, मनोज पटवारी, ऋषभ शर्मा, अंकित भाउका आदि का योगदान रहा। शिविर में मुख्य रूप से संदीप मुरारका, अभिषेक अग्रवाल गोल्डी, लालचंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, प्रकाश दुबे, अनिल बगड़िया, अरुण गुप्ता, सार्थक अग्रवाल, अंकिता लोधा, मोहित मुनका, मानव केडिया, अनिल मोदी, लिप्पु शर्मा, विनोद शर्मा, अंशुल रिंगसिया, नेहा भलोटिया, हनु जैन, मनोज शर्मा, अशोक सारस्वत, अमीश अग्रवाल, विजय सिंह, बजरंग चौधरी, अनंत मोहनका, बृजेश सोनकर, अंकित पांडे, परमेंद्र शर्मा, उत्तम शर्मा, शिरीष अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

## हास्य कवि शंभू शिखर, चौबे और निर्भीक का अनिल मोदी ने किया स्वागत



**जमशेदपुर।** देश के हास्य व्यंग के मूर्धन्य कवि श्री शंभू शिखर, डा अनिल चौबे एवं अजय निर्भीक का जमशेदपुर में सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष अनिल मोदी ने स्वागत किया एवं उनको शुभकामनाएं दी। अनिल मोदी ने चाय पर चर्चा करते हुए उन्हें बताया कि लोहनगरी के नाम से विख्यात जमशेदपुर वासी कविताओं के शौकीन है एवं शहर में कवि सम्मेलनों के आयोजन की एक समृद्ध परंपरा रही है।और शहर के लोग कविता और साहित्य की गहरी समझ रखते हैं। कवि शंभू शिखर ने उन्हें बताया कि वे पूर्व में भी जमशेदपुर आ चुके हैं और यहां के श्रोताओं की समझ से वाकिफ है। उन्होंने जमशेदपुर को एक खूबसूरत शहर बताते हुए यहां के निवासियों की समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर मोदी के साथ अशोक सारस्वत, हेमेंद्र जैन एवं अन्य उपस्थित थे।

## माई किड्स स्कूल में मनाया गया पैरेंट्स डे



**जमशेदपुर।** डॉ मनोहर लाल गोयल-श्रीनिवास केडिया ट्रस्ट के तत्वाधान में माई किड्स स्कूल में पैरेंट्स डे मनाया गया। माता-पिता हमारे जीवन में शिक्षक, गुरु और मित्र होते हैं। वे हमें अनुशासन, नैतिकता और संस्कार सिखाते हैं। वे हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इस प्रोग्राम में पैरेंट्स एक्शन पासिंग गेम, टंग ट्विस्टर्स, बैलून गेम्स, 1 मिनट में चूड़ियां पहनना,परफेक्ट सर्कल शेप रोटी, 1 मिनट में साड़ी पहनना, गुब्बारे फोड़ना और दमशरस जैसे गेम खेलकर मजा ले रहे थे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए स्कूल की प्राचार्य, ईशा गोयल, स्कूल के शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का योगदान था। हेड, माई किड्स एवं अद्वितीय की अहम भूमिका रही।

## जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय का मेंबरशिप चार्ज घटा कर 5000 करने की मांग



**जमशेदपुर।** शनिवार को जमशेदपुर व्यवहार न्यायालय के अधिवक्ता झारखंड स्टेट बार काउंसिल रांची के सचिव राजेश पांडेय से मुलाकात किये, और उन्हें बताएं कि जमशेदपुर बार एसोसिएशन के मेंबरशिप के लिए 20 हजार रुपये देने पड़ रहे हैं ,जिसके चलते नए अधिवक्ता जो कि गरीब वर्ग से आते हैं और जीवन की सीढ़ी चढ़ रहे है, वह मेंबरशिप लेने में असमर्थ हो रहे है। मेम्बरशिप नहीं लेने के कारण स्टाइपेंड का भी आवेदन नहीं कर पा रहे है, उस जगह पर एक सरकारी लॉ कॉलेज जमशेदपुर कॉ-ओपरेटिव लॉ कॉलेज है,जहाँ गरीब छात्र किसी तरह एलएलबी की पढ़ाई किये और अब मेंबरशिप के लिए पैसे के अभाव में सदस्यता नहीं ले पा रहे हैं। आसपास के जिलों में मेंबरशिप काफी कम है। अधिवक्ता गण ने ज्ञापन देकर सदस्यता शुल्क को 5 हजार करने की मांग की। मिलने वाले में अधिवक्ता अमर तिवारी, आदित्य पांडेय, सुदीप चौधरी, मंटू कुमार, अशोक कुमार व अन्य मौजूद थे।

## सामर्थ्य ने विद्यार्थियों संग मेंटल हेल्थ पर किया विमर्श

**जमशेदपुर।** सामर्थ्य वेलफेयर ट्रस्ट की ओर से बिष्टुपुर स्थित जमशेदपुर विमेंस यूनिवर्सिटी में पंजाब लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं के साथ' मेंटल हेल्थ अवेयरनेस ' पर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता उत्कर्षा सिन्हा, तृषा विश्वास, मनीषा तमसोय, प्रणव आनंद और प्रिंस कुमार गिरी ने मानसिक कमजोरी के लक्षण को पहचानने एवं इस पर काबू करने के बारे में बताया। अध्यक्ष पल्लवी दीप ने कहा मेंटल हेल्थ के बारे में अब छुपाने की जरूरत नहीं है बल्कि खुलकर इस पर बात करने व चर्चा करने की जरूरत है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड)834006 से मुद्रित एवं लुबी सर्कुलर रोड, धनबाद 826001 से प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर
स्थानीय संपादकः ज्ञानवर्द्धन मिश्र *
फोन : 9431124480
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No. ( आवेदित )
* पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

